# खाली करवाई गईं सड़क की पटरियां



इकौना में सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाते पुलिसकर्मी। - संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती/इकौना।** इकौना थाना प्रभारी परमानंद तिवारी ने शनिवार रात टीम के साथ संजय पार्क, बस स्टैंड व मुख्य बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

उन्होंने सड़क की पटरियों पर सजे फल व सब्जी के ठेलों को हटवाया। पटरियों पर खड़ी बाइक, ई रिक्शा व ऑटो आदि को हटवाकर खाली स्थान पर खड़ा करवाया। उन्होंने बताया कि ठेला संचालकों को स्थायी रूप से कहीं ठेला न लगाने व भ्रमणशील रहकर सामान बेचने के लिए निर्देश दिया गया है।

स्थानीय दुकानदारों व ई रिक्शा चालकों को दोबारा अतिक्रमण मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कोतवाल भिनगा योगेश सिंह ने नई बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया और सड़क की पटरियों को खाली करवाया।

## साथ रहने के लिए राजी हुए पति-पत्नी

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को परिवार परामर्श केंद्र पर पति-पत्नी के बीच का विवाद सुलह-समझौते से खत्म करवाया गया। दोनों को साथ रहने के लिए राजी करवाया गया। केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक शिवशरन गौड़ व आरक्षी अर्चना रावत ने बताया कि नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के बगहा निवासी अनिल कुमार का उनकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। दोनों अलग-अलग रह रहे थे। दोनों को केंद्र पर बुलाकर उनकी काउंसिलिंग की गई। समझाकर एक-दूसरे के साथ रहने के लिए राजी करवाया गया। (संवाद)

# गिरोह बनाकर चोरी कर रहे तीन शातिर गिरफ्तार




सोनवा थाने में पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी।- स्रोत: पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** सोनवा क्षेत्र के शाहपुर कठौतिया के साप्ताहिक बाजार में रविवार को गिरोह बनाकर चोरी कर रहे तीन शातिरों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सोनवा पुलिस ने तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। सोनवा क्षेत्र के फतुहापुर निवासी विद्याराम अपने साथियों राम आशीष गुप्ता और हरीराम वर्मा के साथ रविवार को सब्जी खरीदने के लिए शाहपुर कठौतिया के साप्ताहिक बाजार गए थे। आरोप है कि उसी दौरान बहराइच जिले के मटेरा क्षेत्र के मोलवी गांव निवासी काजिम ने विद्याराम की जेब से 850 रुपये व आधार कार्ड चोरी कर लिए।

### बदमाशों में दो सीतापुर व एक बहराइच का है निवासी

सीतापुर जिले के थानगांव थाना क्षेत्र के रामीपुर निवासी अरमान उर्फ गुड्डू ने राम आशीष की जेब से 10,720 रुपये और सीतापुर जिले के रेउसा क्षेत्र के सिपौली निवासी अंकुल ने हरीराम के जेब से 11,080 रुपये चोरी कर लिए थाना प्रभारी बिशुनदेव पांडेय ने बताया तीनों पर पूर्व से कई मुकदमे दर्ज हैं।